>

Title: Need to confer Bharat Ratna on revolutionsaries Bhagat Singh, Sukhdev Thapar and Shivaram Rajguru and renaming of Mohali Airport on the name of Bhagat Singh.

**श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब):** माननीय अध्यक्ष जी, इस मुल्क की आवाम ने भगत सिंह जी, राजगुरु जी और सुखदेव जी को शहीद-ए-आज़म का दर्जा दिया है । इन तीनों आजादी के परवानों ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था ।

मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि स्वतंत्रता संग्राम में इनकी भूमिका को मुख्य रखते हुए तीनों क्रांतिकारियों, आजादी के परवानों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए । दूसरा, इनको औपचारिक तरीके से शहीद-ए-आज़म का दर्जा दिया जाना चाहिए । तीसरा, चण्डीगढ़ का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मोहाली में स्थित है, इसका नाम शहीद भगत सिंह जी के नाम पर रखा जाना चाहिए । यह मेरी सरकार से मांग है ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री सप्तगिरी उलाको को श्री मनीष तिवारी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, बैठे-बैठे मत बोलिए । मैंने आपको इजाजत नहीं दी है ।

श्रीमती कविता जी ।

…(व्यवधान)